# आईडीए ने खत्म किया 20 गुना लीज रेंट का प्रावधान

▶ नए संशोधित नियम लागू

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आईडीए बोर्ड बैठक में आज दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. इसके तहत पहले निर्णय में अब शासन द्वारा संशोधित 2018 व्ययन नियम के तहत 20 गुना लीज रेंट भरकर प्लॉट फ्री होल्ड कराने का प्रावधान खत्म कर दिया गया है. दूसरा प्लॉट या अन्य आईडीए प्रॉपर्टी के टेंडर में 10 प्रतिशत अमानत राशि को कम करने का निर्णय लिया गया है.




आईडीए बोर्ड बैठक में आज विभिन्न योजनाओं और मुद्दों को लेकर कई निर्णय लिए गए. बोर्ड के पदेन अध्यक्ष डॉ. सुदामा खाड़े की उपस्थिति में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है. इसके तहत अब कोई भी प्लॉट मालिक 20 गुना लीज रेंट भरकर आईडीए से फ्री नहीं हो सकेगा. इसका प्रावधान आज बैठक में खत्म कर दिया है. इसके खत्म होने से सबसे ज्यादा नुकसान भू माफियाओं को होगा, जो आईडीए के बड़े बड़े प्लॉटों पर 20 गुना लीज भरकर फ्री होल्ड करवा लेते थे. इससे आईडीए को रेवेन्यू का बड़ा नुकसान होता था. अब पहले लीज नवीनीकरण होगा उसके बाद लीज रेंट जमा करना होगा. इसके बाद फ्री होल्ड की कार्रवाई होगी. यह शासन द्वारा संशोधित नियम 2018 के तहत लागू किया गया है. बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, टीएनसीपी संयुक्त संचालक शुभाशीष बैनर्जी, पीएचई अधीक्षण यंत्री सुनील कुमार उदिया, एमपीईबी मुख्य अभियंता कामेश श्रीवास्तव, सहायक वन संरक्षक धीरेंद्र प्रताप सिंह और आईडीए सीईओ डॉ परीक्षित झाड़े मौजूद थे.

### अमानत राशि का प्रावधान खत्म

इसी तरह एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में आईडीए की प्रॉपर्टी खरीदने या टेंडर में भाग लेने के लिए 10 प्रतिशत अमानत राशि का प्रावधान खत्म कर दिया गया है. अब आईडीए के प्लॉट, फ्लैट या दुकान टेंडर में अमानत राशि 5 प्रतिशत कर दी है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग भाग ले सके. बाकी राशि बैंक लोन से लेकर भुगतान कर सकेंगे. बैठक में आईडीए की विभिन्न योजनाओं में पानी टंकी, बाह्य विद्युतीकरण, सड़क निर्माण एवं योजनाओं में विकास कार्य के लिए 80 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं. साथ ही आईडीए के चालू खातों को बचत खातों में बदलने का निर्णय लिया गया, जिससे आईडीए को ब्याज की प्राप्ति हो सकेगी.



## मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलगुरू ने छात्राओं व शिक्षकों की समस्या का किया समाधान

**इंदौर. मंगलवार को मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरु डॉ. अशोक खंडेलवाल शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में छात्रों एवं शिक्षकों के बीच में रहे एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया.**

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजीत पाल सिंह चौहान ने कुलगुरु का स्वागत किया गया. इस अवसर पर शिक्षण व्यवस्था, चिकित्सकीय प्रशिक्षण एवं परीक्षा संबंधी कार्यों को और बेहतर तरीके से करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया. कुलगुरु ने बताया कि शिक्षण व्यवस्था का उद्देश्य बेहतर चिकित्सा व्यवस्था बनाए रखने के लिए समाज को बेहतर चिकित्सक देना है, सभी प्रकार की बेहतर चिकित्सा शिक्षण व्यवस्था विद्यार्थियों को उपलब्ध हो, यही विश्वविद्यालय का उद्देश्य है.

### एक नजर में

## श्रोता संवाद में गीतों, कविता की गंगा बही



**इंदौर.** हिन्दी परिवार इंदौर एवं श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति इंदौर के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित दिसम्बर माह की मासिक साहित्यिक गोष्ठी श्रोता संवाद, इस बार गीता जयन्ती के नाम रही. साथ में श्रीराम-सिया, देश-प्रेम, धर्म-ध्वजा, जीवन-दर्शन, पर्यावरण, प्रेम जैसे विषयों को भी अपनी रचनाओं मे साहित्य मनीषियों ने स्थान दिया. सर्वप्रथम डॉ शशि निगम ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की. तत्पश्चात कार्यक्रम के प्रथम चरण मे श्रीमती आशा जाकड़ द्वारा रचित भजन संग्रह आराध्य आराधनम पर सार्थक चर्चा डॉ शशि निगम द्वारा की गयी। कार्यक्रम के द्वितीय चरण मे साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया. गीता जयन्ती के उपलक्ष मे कवि, गजलकार रशीद अहमद शेख ने गीता के महत्व को प्रतिपादित करते हुए दोहों को प्रस्तुत करते हुए कहा- गीता को कहता जगत, विद्या पारावार. शब्द-रत्न अनमोल हैं, उसमे छिपे अपार. डॉ अरुणा सराफ ने गीता जयन्ती पर अपने गीत प्रस्तुत करते हुए ईश्वर से अज्ञान रूपी अंधकार मे ज्ञान के प्रकाश देने हेतु याचना की. सुषमा शुक्ला ने अपनी रचना मे राजस्थान की शौर्यगाथा को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया. अनिल ओझा, अशोक गर्ग, तृप्ति शाह, वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चन्द्र तिवारी, डॉ सूर्यकांत गुजराती, डॉ बुला कार, उर्मिला रायकवार, ओम उपाध्याय, राम आसरे पांडे, भीमसिंह पँवार, कमल कासलीवाल, सन्तोष मोहन्ती ने भी भावपूर्ण रचनाएँ प्रस्तुत की. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार सदाशिव कौतुक ने अपने उद्बोधन मे आयोजन की सार्थकता पर प्रकाश डाला. संचालन डॉ दीप्ति गुप्ता ने किया. वरिष्ठ साहित्यकार, हिन्दी परिवार के अध्यक्ष हरेराम बाजपेयी ने आभार माना.

## एयू बैंक ने आईसीएआई के साथ की साझेदारी

**इंदौर.** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने 'एयू चार्टर्ड अकाउंटेंट्स प्रोग्राम' लॉन्च करने की घोषणा की है. भारत के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) के लिए यह प्रोग्राम इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है. एयू एसएफबी ने सीए के लिए विशेष रूप से कस्टमाइज्ड बैंकिंग प्रोडक्ट्स और समाधान तैयार किए हैं. इस प्रोग्राम को एयू एसएफबी के संस्थापक, एमडी और सीईओ संजय अग्रवाल, आईसीएआई द्वारा नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शुभारंभ किया गया. यह विशेष करंट अकाउंट (एयू रोयाल बिज़नेस), सेविंग्स अकाउंट (एयू रोयाल सेविंग्स) और एयू सीए मेटल क्रेडिट कार्ड को एक साथ लाता है, ताकि सीए अपने क्लाइंट्स, फर्म, परिवार और निजी वित्तीय जरूरतों को अधिक सुविधा, भरोसेमंद लाभ, रिवॉर्ड और विशेष पहचान के साथ मैनेज कर सकें.

## पाम ऑयल के न्यूट्रिशन पर मिथकों को तोड़ा

**इंदौर.** खाना पकाने के लिए कौन सा तेल वाकई सेहतमंद है, इसे लेकर बढ़ रही उलझन के बीच, मौजूदा पॉडकास्ट सीरीज़ भारतीयों को सोच-समझकर, विज्ञान-आधारित चुनाव करने में मदद करना चाहती है. एक एपिसोड में न्यूट्रिशनिस्ट साक्षी लालवानी ने खाना पकाने के तेल को चुनने, लेबल पढ़ने और खाना बनाने की सुरक्षित प्रक्रियाओं को लेकर रोजमर्रा की चिंताओं को स्पष्ट किया है. पहले एपिसोड में, साक्षी ने पाम ऑयल की बुनियादी बातें समझाईं. उन्होंने बताया कि यह एक प्लांट-बेस्ड ऑयल है, जो ऑयल पाम के फल से निकाला जाता है. वे बताती हैं कि पाम ओलिन प्राकृतिक रूप से ट्रांस-फैट मुक्त होता है, उच्च तापमान पर स्थिर रहता है, और इसमें विटामिन ई टोकोट्राइनॉल्स होते हैं, जबकि रेड पाम ऑयल में बीटा-कैरोटीन है- जो प्रोविटामिन ए का स्रोत है। वे पाम ऑयल के संतुलित फैटी एसिड मिश्रण पर ज़ोर देती हैं.

## टोयोटा किर्लोस्कर ने नवंबर में बेचे 33,752 वाहन

**इंदौर.** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने नवंबर 2025 के अपने मासिक बिक्री प्रदर्शन की घोषणा की. कंपनी ने कुल 33,752 यूनिट्स बेचीं, जिनमें 30,085 यूनिट्स घरेलू बाजार में और 3,667 यूनिट्स का निर्यात शामिल है. यूज्ड कार बिज़नेस के सेल्स-सर्विस के वाइस प्रेसिडेंट वरिंदर वाधवा ने कहा कि सरकार के प्रगतिशील जीएसटी सुधारों और सकारात्मक त्योहारी सीजन के कारण हम बिक्री में मजबूत वृद्धि देख रहे हैं, जो वर्ष-दर-वर्ष 28% के इजाफे को दर्शाती है. हाल ही में पेश किए गए अरबन क्रूजर हाइरायडर एईरो एडिशन और फॉरच्युनर लीडर एडिशन ने इस विकास को और गति दी है और इसे देशभर में उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है. ड्रम ताओ प्रदर्शन कार्यक्रम और बैंगलुरु में टोयोटा एक्सपीरिएंशियल म्यूज़ियम के शुभारंभ जैसे अनुभव-प्रधान प्रयासों ने ग्राहक जुड़ाव और ब्रांड कनेक्ट को और मजबूत किया है.

## ट्रेजर आइलैंड मॉल में सांस्कृतिक उत्सव सम्पन्न

**इंदौर.** ट्रेज़र आइलैंड मॉल ने अपने दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न किया, जिसमें आध्यात्मिकता, संगीत और सामुदायिक उत्साह का बेहतरीन संगम देखने को मिला. मॉल में 28 नवंबर की शाम 7 बजे एक मन को शांति देने वाला स्पिरिचुअल जैमिंग सेशन आयोजित किया गया. आगंतुकों ने मधुर भजन, शांत मंत्र-उच्चारण और भक्तिमय संगीत का आनंद लिया. 29 नवंबर को एनर्जेटिक बैटल ऑफ बैण्ड्स आयोजित की गई, जिसमें लगभग पाँच बैंड्स ने अपनी-अपनी अनोखी संगीत शैलियों का दमदार प्रदर्शन किया. युवाओं की प्रतिभा और जोश से भरे इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को बेहद उत्साहित किया और कार्यक्रम में जोश भर दिया. दोनों कार्यक्रमों को मिले शानदार प्रतिसाद ने एक बार फिर साबित किया कि ट्रेज़र आइलैंड मॉल अपने आगंतुकों के लिए सार्थक, मनोरंजक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध अनुभव देने के लिए लगातार प्रयासरत है.

## अमेजन हर दिन दो नए माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर खोलेगा

**इंदौर.** अमेजन ने आज घोषणा की है कि वह हर दिन दो नए माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर खोलते हुए अपने अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी सर्विस अमेजन नाऊ के विस्तार को तेज कर रहा है. इस विस्तार से बेंगलुरु, दिल्ली और मुंबई के अधिक इलाकों में ग्राहकों को सेलर्स से हजारों रोजमर्रा की जरूरी चीजें 10 मिनट के भीतर मिल सकेंगी. इस वर्ष की शुरुआत में बेंगलुरु में लॉन्च होने के बाद, अमेजन नाऊ ने त्योहारों के मौसम से पहले अपनी सर्विस को 100 माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर के साथ तीन शहरों तक बढ़ाया. इसके बाद अमेजन ने अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी की बढ़ती ग्राहक मांग को पूरा करने के लिए और भी सेंटर जोड़े हैं. विस्तार के बारे में अमेजन इंडिया के कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने कहा हम अमेजन नाऊ को लेकर ग्राहकों की प्रतिक्रिया से उत्साहित हैं और हमने अपने विस्तार की योजनाओं में तेजी लाई है. हम इस साल के अंत तक 300 से अधिक माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर तक पहुंच जाएंगे और गति कम नहीं कर रहे हैं बेंगलुरु, दिल्ली और मुंबई में हर दिन ऐसे 2 सेंटर खोल रहे हैं.

## नाना महाराज तराणेकर संस्थान में दत्त जयंती का 76वां संस्करण होगा आयोजित

**इंदौर.** दत्त सप्ताह शुरू होते ही श्री नाना महाराज संस्थान में भारत वर्ष के विभिन्न शहरों से भक्तों का आना शुरू हो गया है. यह सभी भक्त श्रीगुरुचरित्र पारायण का पाठ सभी धार्मिक नियमों से करते है. मुख्य पाठ तेजस तराणेकर द्वारा किया जा रहा है. श्री नाना महाराज संस्थान प्रमुख डॉ बाबा साहब तराणेकर ने बताया कि दत्त सप्ताह शुरु होते ही इंदौर के अलावा विभिन्न शहरों से आए भक्तगणों द्वारा सम्पूर्ण धार्मिक विधि विधान से गुरुचरित्र का पाठ किया जा रहा है. आपने बताया कि 27 नवम्बर से 6 दिसम्बर तक दत्त जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम होंगे. संस्था के तारक तराणेकर ने बताया कि दत्त सप्ताह के चलते प्रतिदिन सुबह 05.30 बजे काकड़ आरती, 6.30 बजे अभिषेक पूजन, वैयक्तिक परायण 08.30 से 10.30 प्रभाती 10.30 से 12.30 श्री गुरिचरित्र परायण, साय 06.30 आरती, करुणा त्रिपदी एवं श्री



बाबा साब तराणेकर का उद्बोधन होता है. दत्त जयंती 4 दिसम्बर को शाम 4 से 6 दत्त जन्म कीर्तन नागपुर के भास्करबुआ इंदुरकर समूह द्वारा किया जावेगा। रात्रि 9 से 10.30 तक मुम्बई के श्री चिंतन कट्टी एवं चिराग कट्टी द्वारा सितार वादन किया जाएगा. 11 बजे पश्चात नाना महाराज भजन मंडली द्वारा भजन की प्रस्तुति की जाएगी. 5 दिसंबर को सत्यनारायण पूजा एवं सत्यदत्त सामूहिक पूजन किया जाएगा. 6 दिसम्बर को सुबह 08.30 बजे से श्री नाना महाराज का ओक्षण और दिंडी पालकी यात्रा निकाली जाएगी. सभी कार्यक्रम स्नेहलतागंज स्थित गुरुकुल में होंगे.

## कंट्रोल अनाज के अवैध भंडारण और विक्रय पर एफआईआर

▶ खाद्य विभाग की कार्रवाई

**इंदौर.** कंट्रोल के अनाज का अवैध भंडारण और विक्रय करने को लेकर खाद्य विभाग ने चार लोगों पर एफआईआर दर्ज करवाई. जब्त गेहूं-चावल को राऊ स्थित गोदाम में भेजने की कार्रवाई की है.

खाद्य विभाग ने पिछले दिनों जंबूरी हप्सी के अरिहंत नगर स्थित गोदाम पर गेंहू, चावल के अवैध भंडारण छापा मारा था. गोदाम राजेश वर्मा एवं सोनू राजपूत द्वारा संचालित किया जा रहा था. जांच के दौरान एक सवारी ऑटो भी चावल लेकर आया, जिसे ऑटो चालक मुर्तुज़ा खान से जब्त किया गया. जांच में गोदाम पर भंडारित कुल 101 बारदाने चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली का था. इसके अलावा गोदाम में 127 बारदाने गेंहू भी मिला था. मौके पर गेहूं, चावल के बिल, आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत



नहीं करने पर गेंहू को जब्त किया गया. उक्त गोदाम पर हेमराज यादव द्वारा संचालन में मुर्तुज़ा खान को भूमिका बताई गई. जब्तशुदा सामग्री गेंहू चावल को शासकीय वेयर हाउस राऊ में सुपुर्द किया गया है. गोदाम संचालक राजेश वर्मा, सोनू राजपूत, मुर्तुज़ा खान, हेमराज यादव के खिलाफ प्रकरण बनाया गया.

### देर रात की कार्रवाई

खाद्य विभाग द्वारा आज राजेश वर्मा, सोनू राजपूत, मुर्तुज़ा खान, हेमराज यादव के विरुद्ध गांधीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है. जांच में पाया गया कि हेमराज यादव लंबे समय से चावल के अवैध क्रय-विक्रय भंडारण जगह बदलकर व्यापार कर रहा था. खाद्य विभाग ने निगरानी रखकर देर रात कार्रवाई करके कंट्रोल अनाज एक अवैध भंडारण और विक्रय का पर्दाफाश किया.




## साधना का पर्याय व खुशियों का अध्याय है संगीत: प्रो.पलोड़

▶ आरआरएमबी गुजराती स्कूल में अंतरविद्यालयीन गायन-वादन प्रतियोगिता

**इंदौर.** संगीत साधना का पर्याय है. गीत की गूंज ही खुशियों का अध्याय है. लोग अपने मन के तनाव दूर करने हेतु संगीत के आश्रय में जाते हैं. गीत की महिमा से ही अवसाद व फसाद विमुख समाज निर्माण होता है. विद्यालय के स्तर पर गायन व वादन का कौशल हासिल करके एक नए करियर की तरफ हम बढ़ते हैं. उक्त विचार आरआरएमबी गुजराती विद्यालय द्वारा आयोजित अन्तरविद्यालयीन गायन वादन प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि प्रो. डॉ श्याम सुन्दर पलोड़ ने व्यक्त किये. वे नसिया रोड स्थित विद्यालय सभागृह में सम्बोधित कर रहे थे.

प्रो. पलोड ने कहा कि लक्ष्य व दृढ़ संकल्प से ही हम कोई मुकाम हासिल कर सकते हैं. अपनी काबिलियत के बल पर जो प्रयास करते हैं वे ही कामयाब होते हैं. कार्यक्रम के विशेष अतिथि छोटी ग्वालटोली थाना प्रभारी संजू कांबले ने कहा कि संगीत के भारत में बड़े बड़े घराने हैं. इसका अभिप्राय यह है कि संगीत के प्रति समर्पित पीढियां पुश्तैनी कला का प्रदर्शन कर रही है. संगीत मंत्रमुग्ध कर जीवन निर्माण करता है. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कांतिलाल भगत ने कहा कि प्रतियोगिता के पैमाने पर खरा उतरकर ही हम भविष्य में संगीत के बड़े किरदार बनते हैं. अत: पूर्ण समर्पण व तल्लीनता से प्रतिभागिता करें. इस अवसर पर राजेन्द्र भाई पटेल, राजेशभाई व्यास, दिनेश भाई गोसल्या भी उपस्थित थे. अतिथि स्वागत विद्यालय के चेयरमैन नीलेश पटेल व प्राचार्य ज्योत्स्ना नागदे ने किया. निर्णायक कपिल पुरोहित, सोनाली पौराणिक व रणजीत अखण्ड थे. अतिथि परिचय विजयलक्ष्मी रावरे ने दिया.

### ये रहे विजेता

प्रतियोगिता में छ: विद्यालयों ने हिस्सा लिया. गायन में प्रथम गौरी पंवार, द्वितीय राधिका पंवार व तृतीय तनिष्क बंसल रहे. वादन में प्रथम यथार्थ शर्मा, द्वितीय मयंक कुशवाह व तृतीय गौतम राठौर रहे. विद्यालय की रनिंग शील्ड विजेता न्यू पिंक फ्लावर स्कूल नेहरू नगर रहा. निर्णायक कपिल पुरोहित ने अपनी संगीतमय व भावविभोर प्रस्तुति से विद्यार्थियों को उत्साहित कर दिया. रणजीत अखण्ड ने कबीर वाणी लोकगीत के माध्यम में प्रस्तुत कर माहौल को वैचारिक मुकाम दिया. संचालन रश्मि दीक्षित ने किया. आभार उमेश लोदवाल ने माना.



## मिश्री जैसे मीठी है मराठी: शोभा ताई

▶ जीएसीसी में मराठी भाषा अध्ययन एवं संवर्धन कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**इंदौर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के मराठी विभाग द्वारा पांच दिवसीय मराठी भाषा अध्ययन एवं संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में उद्घाटक के रूप में महिला कार्य, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की राष्ट्रीय संयोजक शोभाताई पैठणकर उपस्थित रहीं. मुख्य वक्ता महाराष्ट्र साहित्य सभा के अध्यक्ष अश्विन खरे थे. अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता चंद्रशेखर द्वारा की गई.

शोभा ताई पैठणकर ने उद्बोधन में कहा कि मराठी एक समृद्ध और संपन्न भाषा है. वह तो मिश्री जैसी मीठी है. संत ज्ञानेश्वर की ज्ञानेश्वरी और पसादान में मानवीय कल्याण का मूल्य कैसे समाहित है, इस पर प्रकाश डाला. श्री खरे द्वारा मराठी बोलूया, मराठी वाढवूया विषय के अंतर्गत हमें मराठी भाषा सीखने के लिए कैसे प्रयास करना चाहिए इस पर अपने विचार रखे. प्राचार्या डॉ. ममता चंद्रशेखर द्वारा मराठी भाषा के अध्ययन एवं संवर्धन हेतु महाविद्यालय एवं महाविद्यालय का मराठी विभाग हमेशा प्रयासरत रहेगा. प्रस्तावना रखी मराठी विभाग प्रमुख डॉ. ज्ञानेश्वर तिखे ने. अतिथि परिचय डॉ. बालू तिखे ने किया. संचालन एवं आभार डॉ योगेश शलके द्वारा किया गया.

## श्रेष्ठ संस्कार ही संस्कारित राष्ट्र की आधारशिला

▶ 21 जैन पाठशालाओं का संयुक्त वार्षिक समारोह मना

**इंदौर. शहर में पहली बार नवकार परिवार द्वारा संचालित मेघ संस्कार वाटिका के तत्वावधान में शहर की 21 जैन पाठशालाओं का संयुक्त वार्षिक समारोह अभय प्रशाल स्थित लाभ मंडपम सभागृह में गणिवर्य डॉ. अजीत चंद्र सागर के सानिध्य, मुंबई के समाजसेवी बाबूलाल चुन्नीलाल जैन एवं श्रीपाल भाई तथा रेसकोर्स रोड के समाजसेवी विपिन नीरु सोनी, जंबूभाई विस्मय धींग के आतिथ्य में आयोजित किया गया.**

गणिवर्य डॉ. अजीत चंद्र सागर ने इस मौके पर कहा कि बच्चों को उपहार या खिलौने नहीं देंगे तो वे घंटे-दो घंटे रोएंगे लेकिन यदि श्रेष्ठ संस्कार नहीं दिए तो वे और उनका परिवार भी जीवनभर रोएगा. श्रेष्ठ संस्कार ही समृद्ध समाज और संस्कारित राष्ट्र की आधारशिला होती है. मेघ संस्कार वाटिका के संचालक जयंत खाब्या, शुभम पटवा एवं प्रणय चौरड़िया ने बताया कि उत्सव में डॉ. प्रकाश बांगानी, कीर्तिभाई- डॉ. प्रतिभा डोसी, विपिन-प्रियंका कोचर, तेजूबाला व्होरा, केशूभाई शाह, संजय मेहता, आनंदीलाल लोधा, राजाबाबू एवं अशोक कुमार केशर चंद जैन जैसे समर्पित समाजसेवी भी विशेष रूप से उपस्थित थे. अतिथियों का स्वागत विनित मेहता, शरद शाह, नीलेश कोचर, अंश पारिख, संयम जैन एवं संयम मेहता ने किया. उल्लेखनीय है कि मेघ संस्कार वाटिका की स्थापना मेघचंद सागर की पुण्यस्मृति में आनंदचंद सागर द्वारा की गई है. प्रारंभ में 500 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई इनमें से 350 बच्चों को एटीएम कार्ड अटेंडेंस एवं टैलेंट मैनर्स कार्ड दिए गए जिनमें उन्हें माता-पिता का सम्मान करने, मोबाइल का कम से कम उपयोग करने, संस्कारी दोस्त बनाने, कहीं भी जूठन नहीं छोड़ने और भविष्य में परिवार का श्रेष्ठ नायक बनने तथा राष्ट्र की सेवा करने जैसे प्रेरक सन्देश दिए गए.

### प्रेरक नाट्य प्रस्तुतियां दीं

इस मौके पर जिन बच्चों ने स्कूल एवं संस्कार वाटिका परीक्षा में 75 एवं 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए उन्हें नगद 3 एवं 5 हजार रुपए के पुरस्कार भी दिए गए. संचालन प्रवीण गुरूजी एवं चेन्नई से आए विपिन सत्तावत ने किया। संचालक जयंत खाब्या ने आभार माना. इस मौके पर सभी पाठशालाओं की शिक्षिकाओं का बहुमान भी किया गया. तिलक नगर, रेसकोर्स रोड, गुमास्ता नगर और द्वारकापुरी की पाठशालाओं के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने मनोहारी और प्रेरक नाट्य प्रस्तुतियां देकर सभी मेहमानों को मंत्रमुग्ध बनाए रखा.




### एक नजर में | क्वींस कॉलेज में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

## विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध

**इंदौर.** क्वींस कॉलेज के प्रांगण में विद्यालय का 29वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि सचिवालय भोपाल में कार्यरत शिराली जैन, विद्यालय के निदेशक रमेश मूलचंदानी, एकेडमिक डायरेक्टर स्मिता राठौर एवं प्राचार्या गीता सोमशेखरन द्वारा किया गया.

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक गतिविधियाँ रहीं. जहाँ विभिन्न प्रकार की संस्कृति के दर्शन हुए. ऑर्केस्ट्रा की सुमधुर ध्वनि ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया. शास्त्रीय नृत्य वह मोहिनीअट्टम की भाव-भंगिमाओं ने सबको भाव-विभोर कर दिया. वहीं हिन्दी नाटिका रामधारी सिंह दिनकर की रश्मिरथी के माध्यम से यह संदेश देना चाहा कि युद्ध किसी भी समस्या का हल नहीं बल्कि सद्भावना और सौहार्द्र के साथ में जीवन व्यतीत करना चाहिए तभी समाज की उन्नति संभव है. गुजराती डांडिया नृत्य में क्वींस बालाओं के समायोजन समा बाँध दिया. राजस्थानी संस्कृति की झलक मटकी नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की गई. अंग्रेजी नाटिका के अंतर्गत एक अनाथ आश्रम में रह रही बच्ची की अपने माता-पिता से मिलने की चाह और फिर उसका एक परिवार के द्वारा स्वीकार करने की कथा को दर्शाया गया. विदेशी नृत्य की भाव-भंगिमाओं ने सबको आनंदित कर दिया. कार्यक्रम का संचालन प्रोमा मुखर्जी, श्रेया तिवारी, आरोही सोनगरिया, यशवी गर्ग, बानी सलूजा एवं तरंग काकानी तथा आभार ऋद्धि शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया. विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्या गीता सोमशेखरन के प्रतिनिधि द्वारा प्रस्तुत किया गया.



### प्रावीण्य सूची में आई छात्राओं को किया पुरस्कृत

इस अवसर पर सीबीएसई बोर्ड की प्राविण्य सूची में स्थान पाने वाली छात्राओं धरा कुकरेजा- टॉपर (कक्षा बारहवी) व गीत भालेराव सेकेंड सिटी टॉपर (कक्षा दसवीं) तथा विद्यालयीन परीक्षाओं में स्थान पाने वाली, विविध साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. ओवरऑल प्रॉफिसियंशी अवार्ड कु. हिमांशी गायकवाड़, एकसेम्पलरी स्टूडेंट अवार्ड यशवी गर्ग, बेयकोन ऑफ एक्सलेन्स अवार्ड नकिया हाशमी व बेस्ट हाउस तपस को दिया गया.